हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 7 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 28 .5 डिग्री
न्यूनतम 9 .5 डिग्री

11 लंबित मामलों के आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश करें: एसपी

12 आकर्षक पिचकारियों व रंग-गुलाल से सज गया होली का बाजार, चौदह को मनेगा फाग उत्सव


DK Realestate
A name you can trust it.
DK Real Estate
लेकर आया है आपके लिए रेवाड़ी की प्राइम लोकेशन नया बस स्टैण्ड व मैट्रो स्टेशन के पास
प्लॉट ही प्लॉट
मात्र 16000/- से 20000/- प्रति वर्ग गज से शुरू
DK Yadav
(Real Estate Developer's)
9467141575
Website : www.dkrealestate.co.in Dinesh Kumar dkrealestaterewari DK Real Estate


## खबर संक्षेप

### गांव रसगण से तीन दिन से युवक लापता

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा थाना क्षेत्र के गांव रसगण से युवक लापता हो गया। युवक के भाई नवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई प्रवीण 2 मार्च को सुबह 8 बजे करीब घर से बिना बताए कही चला गया है। अपने स्तर पर काफी तलाश करने पर भी युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने गुमशुदगी का कसे दर्ज कर लिया है।

### गुलाबी बाग से नाबालिग लापता

**रेवाड़ी।** शहर की गुलाबी बाग कॉलोनी से नाबालिग लापता हो गया। मूलरूप से तालमपुर सैरपुर पट्टी जिला मुरादाबाद निवासी हाल में गुलाबी बाग में रहने वाले राजबहादुर ने रामुपरा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका 15 वर्षीय बेटा दिशांत यादव 4 मार्च को सुबह 9:15 बजे से घर से लापता है। काफी तलाश करने पर भी उसका कोई पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने गुमशुदगी को केस दर्ज कर लिया है।

### कौशल भारत-कुशल भारत के तहत कार्यक्रम 9 को


**कुंड।** कौशल भारत-कुशल भारत अभियान के तहत न्यू एरा स्कूल कुंड में 9 मार्च को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य योग्यता की एक मजबूत नींव स्थापित करना है, जिसका थीम इनोवेट एंड एलिवेट है। स्कूल के चेयरमैन नरेंद्र यादव ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों की ओर से विभिन्न विषयों के प्रोजेक्ट, वेस्ट मटेरियल से डेकोरेशन, पेंटिंग व क्ले मॉडलिंग की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार मुख्य अतिथि होंगे, जबकि कोसली के एसडीएम विजय यादव विशिष्ट अतिथि होंगे। समारोह में महामंडलेश्वर रामेश्वदास महाराज का सानिध्य रहेगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल

**कोसली।** कोसली उपमंडल के न्यायिक परिसर में 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से निर्णय लिया जाता है। सिविल जज जूनियर डिवीजन निशा ने बताया कि 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता एसीजे सीनियर डिवीजन अशोक कुमार करेंगे। लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी, वित्तीय विवाद, पारिवारिक विवाद, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से संबंधित आदि सभी तरह के मामलों की सुनवाई की जाएगी।

### एनएच-71 पर निकाली जा रही है गैस पाइप लाइन

# आईजीएल की गैस पाइप लाइन रही बंद सीएनजी को तरसते रहे वाहन चालक




रेवाड़ी। दिल्ली रोड पर गैस पाइप लाइन में लगाई गई टी, बावल रोड के सीएनजी स्टेशन पर वाहनों की कतार। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

▪ मेन लाइन को टी लगाने के लिए किया गया बंद

आईजीएल कंपनी की गैस पाइप लाइन दो दिन से बंद रहने के कारण वाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई। सीएनजी के लिए वाहन चालक इधर-उधर भटकते हुए नजर आए। रोहतक हाइवे पर नई लाइन ले जाने के लिए दिल्ली रोड पर टी लगाई गई है, जिस कारण इस पाइप लाइन को बंद किया गया। वीरवार देर सायं तक लाइन चालू होने की संभावना जताई जा रही थी। गैस कंपनी की ओर से नया ऑनलाइन कनेक्शन देने के लिए दिल्ली रोड पर एनएच-71 के पास मेन लाइन पर टी लगाने के लिए पाइप लाइन को बीते बुधवार को ही बंद करा दिया गया था। इससे इस लाइन पर पड़ने वाले रेवाड़ी से लेकर गुरूग्राम के बिलासपुर तक लगभग एक दर्जन सीएनजी स्टेशनों पर गैस की सप्लाई बंद हो गई। शहर से सहारनवास के चार स्टेशनों पर गैस नहीं होने के कारण बुधवार से ही वाहन चालकों के सामने समस्या खड़ी हो गई। महेंद्रगढ़ और नारनौल की ओर आवागमन करने वाले सीएनजी वाहन चालक इन्हीं स्टेशन से सीएनजी डलवाते हैं। नौकरीपेशा लोग रोजाना अप-डाउन करते हैं, जिन्हें सीएनजी के अभाव में अपने वाहन पेट्रोल से चलाने पड़े। इससे उनकी आर्थिक बोझ भी बढ़ गया। बुधवार शाम के समय कनीना के सीएनजी स्टेशनों पर वाहनों की लाइनें लग गईं। बाद में वहां भी गैस की किल्लत पैदा हो गई। गैस पाइप लाइन लगभग डेढ़ साल पहले ही शुरू की गई थी। पहले सीएनजी की आपूर्ति स्टेशनों पर सिलेंडरों के जरिए होती थी। नारनौल से लेकर कनीना तक अभी भी गैस की आपूर्ति सिलेंडरों पर आधारित है, जिस कारण लाइन बंद होने की स्थिति में भी गैस उपलब्ध रहती है। प्राइवेट कंपनियों के सीएनजी स्टेशनों पर सप्लाई सिलेंडरों से ही होती है, लेकिन शहर में ऐसे स्टेशन अभी तक कोई नहीं हैं। लाइन में खराबी आने की स्थिति में भी गैस की किल्लत पैदा हो जाती है।

#### दो पंपों पर बढ़ा वाहनों का दबाव

एक गैस पाइप लाइन बंद होने के बाद सीएनजी वाहनों का दबाव बावल रोड पर दो सीएनजी स्टेशनों पर गैस भरवाने वाले वाहनों की भीड़ बढ़ गई। इन सीएनजी स्टेशन की लाइन दूसरी है, जिस कारण दोनों स्टेशन चालू रहे। हालांकि इन पर भी गैस का दबाव कम रहा। दो पंपों पर सीएनजी की सेल भी आम दिनों की अपेक्षा तीन से चार गुणा बढ़ गई। लंबी लाइनें लगने के कारण वाहन चालकों को सीएनजी के लिए काफी इंतजार करना पड़।

#### जल्द शुरू होगी लाइन

वीरवार रात शुरू हो जाएगी लाइन नए कनेक्शन देने के लिए मेन लाइन में टी लगाने के लिए गैस पाइप लाइन पर शट डाउन लिया गया है। टी लगाने का कार्य पूरा किया जा चुका है। टेस्टिंग के बाद वीरवार रात तक लाइन चालू हो जाएगी।

-राकेश कुमार, इंजीनियर।

# फायरिंग करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

### शादी समारोह में हुआ था मामूली विवाद


रेवाड़ी। आरोपी मोहित कुमार गुरुग्राम, अरविंद व मोहित विकास नगर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

▪ पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल बरामद की

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने शादी समारोह में मामूली विवाद के बाद फायरिंग करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान उत्तम नगर निवासी अरविंद सिंह, जिला गुरूग्राम के कादिपुर निवासी मोहित कुमार व राजस्थान के जिला झुंझुनू के गांव गिरंडा हाल किरायेदार विकाश नगर रेवाड़ी निवासी मोहित के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी अरविंद सिंह के कब्जे से एक देशी पिस्टल बरामद की है।

गत 1 मार्च को उत्तम नगर निवासी बलवंत ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसके बेटे आशीष की 2 मार्च को शादी तय थी। 28 फरवरी को लगन का कार्यक्रम था। गली में उसके रिश्तेदारों की गाड़ियां खड़ी थीं। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले अरविंद की गाड़ी से एक गाड़ी टच हो गई। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था, जो आपसी बातचीत के बाद शांत हो गया। 1 मार्च को शाम के समय अरविंद अपने दो दोस्त मोहित राजपूत व मोहित के साथ आया। उसने आशीष को घोड़ी पर नहीं चढ़ने की धमकी देते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने तैश में आकर पिस्टल से फायर कर दिया। इसके बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त तीन आरोपी अरविंद सिंह, मोहित कुमार व मोहित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी अरविंद सिंह के कब्जे से वारदात में प्रयोग की एक देशी पिस्टल व एक गाड़ी को बरामद कर लिया है।

# अवैध देसी कट्टे व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में अवैध हथियार रखने वाला आरोपी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धारूहेड़ा

सीआईए धारूहेड़ा इंचार्ज निरीक्षक योगेश हुड्डा की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को काबू किया है। काबू किए गए आरोपी की पहचान गांव शहबाजपुर खालसा निवासी महेश उर्फ मुण्डी के रूप में हुई है। 5 मार्च को पुलिस को सूचना मिली थी कि महेश उर्फ मुण्डी निवासी गांव शहबाजपुर खालसा अपराधी किस्म का लकड़ा है तथा गांव शहबाजपुर खालसा रोड स्थित अपने घर के सामने अवैध हथियार लेकर खड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके पर रेड करके आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर 1 अवैध देसी कट्टा व 1 जिंदा रोंद बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके काबू कर लिया है।

# मोटे मुनाफे का लालच देकर ठगी करने के मामले में दो और काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

▪ पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

साइबर थाना पुलिस ने शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे का लालच देकर ठगी करने के मामले दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गुजरात के जिला मेहसाना के गांव सुलीपुर निवासी आनंदजी ठाकोर व जिला मेहसाना के वडनगर निवासी अंकित कुमार के रूप में हुई हैं। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं। गत वर्ष 19 जून को गांव आनंदपुर निवासी सतबीर सिंह ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह शेयर मार्केट में पैसा निवेश करना चाहता था। इसके लिए वह एक ग्रुप से जुड़ गया। आरोपियों ने उससे शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने का लालच देते हुए डीमेट अकाउंट खुलवा दिया। इसके बाद उससे बार-बार खाते में पैसे ट्रांसफर कराते हुए कुल 3 लाख 90 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी गुजरात के आशीष चौधरी व गौतम प्रजापति को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जांच के दौरान पता लगा कि साइबर ठगी में गुजरात के जिला मेहसाना के वडनगर निवासी अंकित कुमार का बैंक खाता भी प्रयोग किया गया था। सतबीर सिंह के खाते से करीब 3.15 लाख रुपये अंकित कुमार के खाते में गए थे। आनंदजी ठाकोर ने आरोपी अंकित कुमार से खाता लेकर, कमीशन के आधार पर आगे साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त दो और आरोपी आनंदजी ठाकोर व अंकित कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक मोबाइल फोन व एक एटीएम कार्ड बरामद किया है।

पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में साइबर ठगी के आरोपी।

## मकानों पर पत्थर बरसने से ग्रामीण दहशत में शिकायत के बाद एक्टिव हुई पुलिस



**बावल।** नैचाना गांव में लगभग एक सप्ताह से रात के समय मकानों पर पत्थर बरस रहे हैं। इससे ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने रात के समय पहरा देना शुरू कर दिया है, परंतु अभी तक पत्थर बरसाने वाले तत्वों का पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों की शिकायत पर हरकत में आई पुलिस भी पथराव करने वालों का पता लगाने में जुट गई है। ग्रामीण रवि कुमार, सुरेश, अनिल व राजबीर आदि ने बताया पिछले करीब एक सप्ताह से रात के समय मकानों पर पथराव हो रहा है। लोगों की छतों व टीनशेड पर पत्थर बरसाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने पहरा लगाना शुरू कर दिया है। जब तक रात को ग्रामीण पहरा देते हैं, तब तक पथराव नहीं होता। ग्रामीणों के सो जाने के बाद पत्थर फिर से बरसने लगते हैं। ग्रामीणों को इस बात का डर सता रहा है कि पथराव की चपेट में आकर ग्रामीणों चोटिल नहीं हो जाएं। वीरवार को ग्रामीणों ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई, तो पुलिस ने पथराव वाले मकानों के आसपास सीसीटीवी कैमरों की जांच भी की। पुलिस ने स्थिति पर नजर बनाना शुरू कर दिया है।

## एडीसी ने अधिकारियों को मॉडल सौर गांव चयनित करने के दिए निर्देश


रेवाड़ी। वीसी में जानकारी लेते हुए एडीसी।

**रेवाड़ी।** एडीसी अनुपमा अंजलि ने पीएम-सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के तहत जिला स्तरीय कमेटी को मॉडल सौर गांव चयनित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एडीसी ने वीसी के उपरांत कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर जिले में एक मॉडल सौर गांव बनाया जाए, ताकि सौर ऊर्जा को अपनाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा सके। इससे अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में आत्मनिर्भरता आएगी। चयनित मॉडल सौर गांव को एक करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इसके लिए 5000 से अधिक की आबादी के किसी गांव का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में एक प्रतिस्पर्धी मोड शामिल है। इसमें गांवों का मूल्यांकन जिला स्तरीय समिति की ओर से संभावित उम्मीदवारी की घोषणा के 6 महीने में उनकी समग्र वितरित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के आधार पर किया जाता है। इस योजना का कार्यान्वयन जिला स्तरीय समिति की देखरेख में नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी द्वारा किया जाएगा। चयनित गांव प्रभावी रूप से सौर ऊर्जा से चलने वाले समुदायों में परिवर्तित होकर अन्य गांवों के लिए मॉडल के रूप में काम करेंगे।

### केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह नहीं हुए थे प्रचार में शामिल, अब विदेश में होने की बात कहते हुए दे रहे सफाई

# निकाय चुनाव प्रचार से बनाए रखी दूरी, भाजपा की जीत का दावा करने की मजबूरी

नरेन्द्र वत्स ▶▶। रेवाड़ी

गुरूग्राम और मानेसर नगर निगम चुनावों के दौरान केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार से दूरी लगातार चर्चा में रही। खासकर मानेसर में भाजपा प्रत्याशी के सामने चुनाव लड़ रही राव समर्थक की पत्नी को लेकर मामला काफी गरमाया रहा था। अब राव ने सफाई देते हुए कहा कि वह चुनाव प्रचार के दौरान विदेश में थे, इसलिए प्रचास में भाग नहीं ले सके। उन्होंने इन चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों की जीत का दावा किया है, परंतु मतदान से दो दिन पूर्व भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपनी करने का ऑडियो जारी करने पर उन्हें अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी। गुरूग्राम और मानेसर दोनों निगमों में मेयर पद के प्रत्याशी पूर्व सीएम मनोहर लाल के पसंदीदा माने जा रहे थे। राव के दबाव में गुरूग्राम में प्रत्याशी बदल दिया गया, जबकि मानेसर में सुंदरलाल पर ही भाजपा ने भरोसा जताया था। सुंदरलाल को प्रत्याशी बनाए जाने से राव खुश नजर नहीं आ रहे थे। इसे कैश करते हुए कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में न सिर्फ जमकर प्रचार किया, बल्कि विरोधी में खड़ी डा. इंदजीत को लेकर उन्होंने निशाना साधने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। इंद्रजीत के पति राकेश को राव खेमे से जुड़ा हुआ माना जाता है। संसदीय क्षेत्र में ही निकाय चुनाव के दौरान राव की प्रचार से दूरी इस बात के संकेत देने के लिए काफी थी कि सुंदरलाल की जीत सुनिश्चित कराने की बजाय पार्टी को इस बात का अहसास कराने की फिराक में थे कि अंदरखाने उनका प्रभाव काम कर सकता है। मानेसर में मुकाबला कांटे का रहा है। हार-जीत का फैसला 12 मार्च को होने वाला है। यह बात और है कि प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री होने के नाते आरती राव ने चुनाव प्रचार में पूरा जोर लगाया था, लेकिन उनके पिता प्रचार से दूर रहे। वीरवार को पत्रकारों से बातचीत में राव ने दावा किया कि निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। मतदान बाद उनका यह बयान एक तरह से मजबूरी ही माना जा रहा है।



रेवाड़ी। पत्रकारों से वार्ता करते राव इन्द्रजीत सिंह।

#### ऑडियो को लेकर साध गए चुप्पी

राव की ओर से सोशल मीडिया पर मतदान से दो दिन पूर्व एक ऑडियो डाला गया था, जिसमें राव यह कह रहे थे व्यवस्था नहीं बनने के कारण वह प्रचार में शामिल नहीं हो सके। उनके पार्टी प्रत्याशी का साथ नहीं देने का भ्रामक प्रचार किया गया है। राव ऑडियो में मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी सुंदरलाल के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे थे। इस ऑडियो को लेकर पत्रकारों ने सवाल किया, तो राव इस पर चुप्पी साध गए। सूत्रों के मानेसर में मुकाबला बहुकोणीय रहा है, जिसमें ऊंट किसी भी करवट बैठ सकता है। भाजपा प्रत्याशी का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। इसके बावजूद अगर पार्टी को इस सीट पर हार का सामना करना पड़ता है, तो विरोधियों के निशाने पर सबसे पहले राव ही आ सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### बधराणा में रास्ते से कब्जे हटाने के दिए निर्देश

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों, समस्याओं तथा सुझावों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को शिविर में रखे गए मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने विभागाध्यक्षों से कहा कि वे व्यापक जनहित के मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करें। वीरवार को समाधान शिविर में गांव टूमना निवासी संदीप कुमार की दिव्यांग पेंशन बनाने संबंधी कार्यवाही मौके पर ही पूरी की गई। गांव बधराणा में रास्ता कब्जा संबंधी शिकायत पर अधिकारियों को कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए। डीसी ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का जल्द निपटारा करें व नियमित रूप से अपडेट भी करें। समाधान शिविर में प्रॉपर्टी आईडी, टैक्स, श्रम विभाग, परिवार पहचान पत्र, जनस्वास्थ्य विभाग, पुलिस, राजस्व तथा नगर निकाय से संबंधित शिकायतें प्राप्त हो रही है। इस अवसर पर एडीसी अनुपमा अंजलि, एसडीएम सुरेंद्र सिंह, सीटीएम प्रीति रावत आदि रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने सीआईए और थाना धारूहेड़ा का किया औचक निरीक्षण

# आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश करें: एसपी

- निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी





रेवाड़ी। धारूहेड़ा थाने के मालखाने का निरीक्षण करते एसपी डा. मयंक गुप्ता। व निरीक्षण के दौरान स्टाफ को निर्देश देते एसपी। फोटो: हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता जिले के थानों का निरीक्षण करके पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को कानून व्यवस्था चाक-चौबंद रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे है। एसपी ने बुधवार को सीआईए धारूहेड़ा व थाना धारूहेड़ा का दौरा किया। इस दौरान एसपी ने थाना धारूहेड़ा के रिकार्ड रजिस्टर व फाइलों की जांच करने के साथ ही बैरक, मेस व मालखाना का जायजा लिया तथा पुलिस स्टाफ को खामियों को जल्द ही दूर करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसपी डा. गुप्ता ने पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक व सीआईए इंचार्ज को बैठक में क्राइम कंट्रोल करने को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए। मीटिंग में डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह, डीएसपी सिटी जोगेंद्र शर्मा, एसएचओ थाना धारूहेड़ा जगदीश चंद, इंचार्ज सीआईए धारूहेड़ा योगेश हुड्डा व थाने में तैनात मुंशी व मालखाना मोहरर उपस्थित थे।

मौके पर पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता ने कानून एवं व्यवस्था तथा थाने में दर्ज मुकदमों में की जा कार्रवाई की समीक्षा करते हुए कहा लंबित मामलों के निस्तारण के लिए आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश करें। दर्ज किसी भी मुकदमे की जांच बेवजह लंबे समय तक पेंडिंग न रखे। एसपी ने कहा कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर और अधिक सक्रिय रूप से नजर रखें। अपराधियों को पकड़ने व अपराध पर अंकुश लगाने में सीआईए की अहम भूमिका होती है। इसलिए लिए अपने सभी सोर्स ओर अधिक सक्रिय करें। कोई भी गंभीर अपराध होने की सूचना मिलती है तो तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे। फरार वांछित व अति वांछित अपराधियों का काबू करें। शराब, अवैध मादक पदार्थ व अवैध हथियारों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाए।

**एसपी डा. गुप्ता ने कहा**

कि थाने में शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की अच्छे से सुनवाई कर तय समय के दौरान उचित कार्रवाई करें। शिकायतकर्ता को रसीद देकर, उसका इंद्राज सीसीटीएनएस पोर्टल पर करे। किसी के साथ अभद्र व्यवहार न करें। क्षेत्र में आमजन के साथ अच्छा तालमेल बना निरंतर गश्त कर शरारती व आपराधिक किस्म के व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही अमल में लाए। निरंतर गश्त कर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की गहनता से चेकिंग करें। अपराध पर अंकुश लगाने का हर संभव प्रयास करें। अच्छा कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा तथा लापरवाही बरतने वाले एवं भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी अधिकारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## जंतर-मंतर पर प्रदर्शन को लेकर बैठक आयोजित



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद पूर्व अर्धसैनिक बलों के अधिकारी व जवान।

- पूर्व अर्धसैनिकों की बैठक वीरवार को नाहड़ गांव स्थित शहीद पार्क में हुए एकत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहड़

पूर्व अर्धसैनिकों की बैठक वीरवार को नाहड़ गांव स्थित शहीद पार्क में आयोति हुई, जिसमें पुरानी पेंशन बहाली, ओआरओपी व अन्य मांगों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मौजूद झज्जर, रेवाड़ी, नारनौल व नाहड़ ब्लॉक के पूर्व अर्धसैनिक व वीरांगनाओं ने केंद्र व हरियाणा सरकार की ओर से पूर्व अर्धसैनिकों के साथ किए जा रहे सौतेले व्यवहार के खिलाफ 6 अप्रैल को जंतर-मंतर दिल्ली पर धरना-प्रदर्शन में भाग लेने का संकल्प लिया। इस मौके पर दिल्ली से आए अलाएंस अध्यक्ष पूर्व एडीजी सीआरपीएफ एचआर सिंह व महासचिव रणबीर सिंह ने कहा कि पूर्व अर्धसैनिक बलों के जवानों को न पुरानी पैंशन, न ओआरओपी और न हरियाणा में जिला स्तर पर बने सैनिक व अर्ध सैनिक कल्याण विभाग में पूर्व अर्धसैनिकों को भागीदारी दी जा रही। ऐसे में अर्धसैनिकों का कल्याण कैसे सम्भव हो सकता है। उन्होंने सीआईएसएफ जवानों को सीएलएमएस मदिरा सुविधा देने की मांग की और कहा कि रेवाड़ी, बहादुरगढ़, रोहतक में सीजीएचएस डिस्पेंसरी खोलने की घोषणा को एक साल से उपर हो गया है, लेकिन अभी तक चालू नहीं की गई है। उन्होंने हर पैरामिलिट्री परिवार से 6 अप्रैल को दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले धरना प्रदर्शन में पहुंचने की अपील की। एसोसिएशन नाहड़ इकाई अध्यक्ष वीरभान बड़गुर्जर ने कहा कि पैरामिलिट्री फोर्सेस के जवान जरूरी सुविधाओं के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। सरकार को उनकी जायज मांगों को पूरा करने के लिए कदम उठाने चाहिए। बैठक में आरसी दहिया, देवराज यादव, प्रदीप यादव, आदि रहे।

स्वास्थ्य निरीक्षकों को दिए निर्देश

## मौसमी बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य निरीक्षकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। स्वास्थ्य निरीक्षकों की बैठक लेते डा. अमित यादव।

वीरवार को ट्रामा सेंटर में जिले के स्वास्थ्य निरीक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डा. अमित यादव ने सभी स्वास्थ्य निरीक्षकों को बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने हेल्थ इंस्पेक्टरों को अभी से डेंगू व मलेरिया की रोकथाम को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि विभाग के पास टेमीफास, पायराथरीम व काला तेल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। गत वर्ष 2024 में जिले में 411 डेंगू पॉजिटिव व 8 मलेरिया के केस मिले थे। इस बार स्वास्थ्य विभाग ने बीमारियों की रोकथाम के लिए पहले से अलर्ट हो गया है। सभी एचआई को डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिए सख्त निर्देश दिए गए है। हेल्थ इंस्पेक्टर बीरेंद्र सिंह ने बताया कि सिविल सर्जन डा. सुरेंद्र यादव के आदेशानुसार सभी सीएचसी पर 50-50 मच्छरदानी भेज दी गई है, जोकि मलेरिया व डेंगू के पॉजिटिव मरीजों को दी जाएगी। बैठक में धर्मजीत सिंह, सुखबीर सिंह, विष्णु कुमार व अतरसिंह एचआई मौजूद थे।



रेवाड़ी। कोसली बार के प्रधान को शपथ लेते हुए। फोटो: हरिभूमि

### कोसली बार के नए पदाधिकारियों ने ली शपथ

**कोसली।** कोसली बार एसोसिएशन के के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाने के लिए समारोह का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश जीएस वधवा, परिवार न्यायालय के एडीजे प्रदीप चौधरी व कोसली की जेएम आईसीसी निशा मौजूद थे। वरिष्ठ अधिवक्ता कैप्टन सुभाष यादव एडवोकेट ने कोसली बार के छह-छह माह रहने वाले प्रधान विनय कुमार एडवोकेट व जयकिशन एडवोकेट, उपप्रधान मनोज कुमार, सचिव अभिषेक यादव, सहसचिव मंदीप सिंह मानवेंद्र व खजांची रवि कुमार को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर चुनाव अधिकारी एडवोकेट हरपाल ढिल्लो, विक्रम लांबा, पूर्व प्रधान गजेन्द्र यादव, विक्रम सिंह यादव, अरूण यादव, राकेश यादव,रतन कुमार यादव सहित बार के अधिवक्ता मौजूद थे। कोसली बार के प्रधान विनय कुमार व जयकिशन ढिल्लों ने वीरवार बावल में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने बताया कि राव इंद्रजीत सिंह ने कोसली बार को दस लाख रुपए देने की घोषणा की है।

## छात्राओं को दी बीमे की जानकारी

- राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों की ओर से शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। छात्राओं को एलआईसी की जानकारी देते अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय की दो राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों की ओर से राजकीय माध्यमिक विद्यालय ढालियावास में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के चौथे दिन का शुभारंभ प्रातः कालीन वंदना व गायत्री मंत्र के साथ हुआ। प्राचार्या डा. ज्योति यादव के मार्गदर्शन में चल रहे कैंप में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. रेनू व डा. मोनिका ने सभी स्वयंसेविकाओं को पूरे दिन की कार्य योजना बताई।

प्रथम सत्र में एलआईसी ऑफिस ब्रास मार्केट से ब्रांच मैनेजर राजीव धींगरा व विकास अधिकारी दिनेश यादव ने छात्राओं को एलआईसी के बारे में जानकारी दी तथा पॉलिसी के लाभ बताते हुए बीमा कराने के लिए जागरूक किया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं को दो दलों में विभाजित किया गया। प्रथम दल ने कार्यक्रम अधिकारी रेनू यादव के नेतृत्व में गांव ढालियावास मंदिर तथा द्वितीय दल ने कार्यक्रम अधिकारी मोनिका के नेतृत्व में गांव में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया। सांयकालीन सत्र में महिला सशक्तिकरण विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### न्यायिक परिसर कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत कल

**कनीना।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के मार्गदर्शन में आठ मार्च को न्यायिक परिसर कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। कनीना बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान एडवोकेट मंजीत यादव ने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से केस का निपटारा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में वैवाहिक विवाद, अपराधिक मामले जो की मिश्रित हों, भूमि अधिग्रहण मामले, बैंक रिकवरी मामले, पेंशन मामले, एमवी तथा एनआई एक्ट सहित उपभोक्ता शिकायत मामले, बिजली मामले निपटाए जाएंगे।

## नाहड़ स्कूल में कौशल विकास कार्यक्रम में छात्रों को दी रोजगार संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहड़



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

शहीद जीतराम राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ में प्राचार्य यशवंत पाल की अध्यक्षता में कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच संचालन विज्ञान अध्यापक कृष्ण भारद्वाज ने किया। संजय कुमार जांगड़ा ने बच्चों को बढ़ई के काम के कौशल सिखाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को औजारों में कटर, आरी, हथौड़ी, गुनिया, ड्रिल मशीन, नया व पुराना रंदा व जमुर के उपयोग की जानकारी दी। इसके साथ-साथ उन्होंने लकड़ी से एक बैठने का पट्टा बनाकर दिखाया। कृष्ण भारद्वाज ने संजय कुमार जांगड़ा का धन्यवाद दिया। इस मौके पर प्रवक्ता उगेश यादव, वेदपाल मौलिक मुख्य अध्यापक, मीनाक्षी, पवन कुमार पीटीआई, सोमवीर व रवि शर्मा सहित सभी स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

## कड़ी मेहनत और जीवन से प्राप्त अनुभव

- आईजीयू में गणित, सांख्यिकी और वैज्ञानिक कंप्यूटिंग पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। टीम के सदस्यों को सम्मानित करते कुलपति व अन्य।

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में वीरवार को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जयप्रकाश यादव थे, जबकि कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह, प्रोफेसर एस सी मलिक प्रेसिडेंट इंडियन एसोसिएशन ऑफ रिलायबिलिटी एंड स्टेटिस्टिक्स व प्रोफेसर बी के दास ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। सम्मेलन की अध्यक्ष और अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर मंजू परूथी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम समन्वयक डा. महावीर बड़क ने संगोष्ठी की दो दिवसीय रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी में ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से कुल 228 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। प्रोफेसर बी के दास, प्रोफेसर एस सी मलिक, डा. मनोज कुमार सिंह और डा. जितेंद्र ने सम्मेलन पर अपना फीडबैक दिया।कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि गणित विषय का अन्य विषयों के साथ संबंध जोड़कर नए शोधार्थियों के लिए बहुत से अवसर पैदा किया जा सकते हैं। हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी अंतर-विषयक शोध पर जोर देती है। कुलपति ने कहा कि कड़ी मेहनत और जीवन से प्राप्त अनुभव के दम पर किसी भी सफलता को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज का युग विभिन्न विषयों को परस्पर संबंधित करते हुए इस प्रकार के शोध कार्य को आगे बढ़ाने का है, जिससे शोधकर्ता समाज की विभिन्न समस्याओं का समाधान ढूंढते हुए वास्तव में समाज कल्याण के लिए योगदान कर सके।

**समारोह** मुख्यातिथि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बोले नए सत्र से रेवाड़ी में नवनिर्मित एम्स में मिलेगी ओपीडी की सौगात

# रेवाड़ी व बावल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

नए सत्र से रेवाड़ी में नवनिर्मित एम्स में ओपीडी की सौगात मिल जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी









रेवाड़ी। रेवाड़ी कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय मंत्री, सेशन जज व बार प्रधान। व रेवाड़ी। बावल में केंद्रीय मंत्री का सम्मान करते वकील। फोटो: हरिभूमि

जिला बार एसोसिएशन रेवाड़ी व बावल के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने वीरवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की मौजूदगी में बार निर्वाचन अधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। रेवाड़ी बार एसोसिएशन से प्रधान विश्वामित्र यादव, उप प्रधान सुमन यादव, सचिव मनोज कुमार, सह सचिव मोनू कुमार तथा कोषाध्यक्ष चिराग शर्मा ने शपथ ली। निर्वाचन टीम के पदाधिकारी सतीश डागर, अश्विनी कुमार तिवारी, चौधरी चरण सिंह, शमशेर सिंह यादव, नरेश यादव तथा चंदन सिंह यादव का नई कार्यकारिणी ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानत किया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंदर सिंह वाधवा सहित सभी न्यायिक अधिकारी, बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार व भाजपा की जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद थे।

जिला बार एसोसिएशन के प्रधान विश्वामित्र यादव ने केंद्रीय मंत्री इंद्रजीत के समक्ष चेंबर के लिए सोलर प्लांट की लगाए जाने, वकीलों की वाहन पार्किंग के लिए जगह व तहसील की कोर्ट को सचिवालय में लगाने मांग की। इसके अलावा चेंबर ब्लॉक नंबर-एक की चारदिवारी बनाने, जिला उपभोक्ता आयोग एवं जुवनाइल जस्टिस बोर्ड की कोर्ट को अलग जगह स्थानांतरित करने व जिला स्तर पर ही लेबर कोर्ट खोलने की भी मांग की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि गुरुग्राम के गांव के बाद रेवाड़ी का ही विकास हो रहा है। नए सत्र से रेवाड़ी में नवनिर्मित एम्स में ओपीडी की सौगात मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा नवनिर्मित भवन को ही ओपीडी के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

**शपथ ग्रहण समारोह**

बावल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह थे। इस मौके पर बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार व समाजसेवी अनिल रायपुर भी मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी अधिवक्ता मेहनत और ईमानदारी से लोगों को न्याय दिलाने का काम करें। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। बावल बार में प्रधान प्रीतम ढिल्लों,उप प्रधान नितेश कुमार, सचिव सुनील कुमार, सह सचिव लव भारद्वाज और कोषाध्यक्ष गोविंद सिंह ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। इस मौके पर बावल नगर पालिका के प्रधान एडवोकेट विरेंद्र सिंह महलावत व एसडीजेएम आलोक आनंद सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद थे।

### न्यायिक परिसर कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत कल

**कनीना।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के मार्गदर्शन में आठ मार्च को न्यायिक परिसर कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। कनीना बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान एडवोकेट मंजीत यादव ने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से केस का निपटारा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में वैवाहिक विवाद, अपराधिक मामले जो की मिश्रित हों, भूमि अधिग्रहण मामले, बैंक रिकवरी मामले, पेंशन मामले, एमवी तथा एनआई एक्ट सहित उपभोक्ता शिकायत मामले, बिजली मामले, टेलीफोन बिल विवाद, अन्य दीवानी मामले जैसे विभाजन, कब्जे के मामले से संबंधित, किराया संबंधी मामले रखे जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग जांच शिविर 11 व 13 को कम्युनिटी हाल में

**रेवाड़ी।** जिला रेडकास सोसायटी एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर तथा सहायक उत्पादन केंद्र नई दिल्ली के जिले के दिव्यांगजनों के लिए 11 व 13 मार्च को मॉडल टाउन स्थित हेमचन्द्र विक्रमादित्य हाल में दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में शारीरिक तौर पर 50 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजनों को मोटरराइजड देने के लिए आवश्यक जांच व फार्म भरने की औपचारिकतायें मौके पर ही पूरी की जाएगी। जिला रेडक्रॉस सचिव ने बताया कि शिविर में सभी सेवाएं निःशुल्क दी जाएगी। दिव्यांगजन अपना आधारकार्ड, राशनकार्ड, फैमिली आईडी, दिव्यांगता प्रमाण पत्र की फोटो कापी, दिव्यांगता दर्शाते हुए दो फोटो तथा यूडीआईडी कार्ड साथ लेकर आए।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी की बैठक आज

**रेवाड़ी।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 7 मार्च शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह करेंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि सुबह 11 बजे आयोजित होने वाली दिशा समिति की बैठक में महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं तथा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। डीसी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समय पर पूर्ण दस्तावेज सहित बैठक में पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

## होली पर्व को लेकर बाजार में बढ़ने लगी रौनक

# आकर्षक पिचकारियों व रंग-गुलाल से सजा होली का बाजार, चौदह को मनेगा फागोत्सव

**13 मार्च को भद्रा के उपरांत होगा होलिका दहन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रंगो के त्योहार होली को लेकर बाजार में दकानें रंग-गुलाल व आकर्षक पिचकारियों से शहर सज गई हैं। दुकानों पर बच्चों के लिए कार्टून किरदार डोरेमोन, छोटा भीम, मोटू-पतलू, स्पाइडर मैन, मिक्की माउस व सुपरमैन की पिचकारियां सजाई गई है। बाजार में 20 रुपये से लेकर करीब दो हजार रुपये तक की पिचकारी उपलब्ध है। नाईवाली सब्जीमंडी बाजार, पैठ बाजार, पंजाबी मार्केट, गुड बाजार, मॉल व शापिंग काम्प्लैक्स में रंग-गुलाल व पिचकारियों की दुकानें सजी हुई हैं।

इस आर रंगों का पर्व होली 13 मार्च व धुलेंडी पर्व 14 मार्च को मनाया जाएगा। दुकानों पर हर्बल, ऑर्गेनिक रंग-गुलाल, स्नो-स्प्रे व मैजिक कलर्स की भी बिक्री होनी शुरू हो गई है। दुकानदार लोगों से त्वचा पर दुष्प्रभाव डालने वाले रंग-गुलाल न लेने का आग्रह भी कर रहे है। मिष्ठान भंडारों पर भी होली पर्व को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। होली पर्व को लेकर सजी दुकानों से बाजार में रौनक बढ़ने लगी है।

हालांकि अभी खरीदारी ज्यादा नहीं की जा रही है। दुकानदार भी अपने ग्राहकों को लुभावने ऑफर दे रहे है। दुकानदारों का कहना है कि होली के एक सप्ताह में ज्यादा खरीदारी होती है। लोग साधारण और केमिकल युक्त गुलाल की जगह पर बिना केमिकल का नेचुरल हर्बल गुलाल अधिक खरीद रहे हैं। एक माह पहले रोपे गए डांडे की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद 13 मार्च को दिन में पूजन के बाद शाम को होलिका दहन किया जाएगा।




रेवाड़ी। सब्जीमंडी में दुकान पर सजी पिचकारियां व मुखौटे तथा पैठ बाजार में दुकान पर रखे रंग-गुलाल। फोटो : हरिभूमि

### आकर्षक डिजाइनों में उपलब्ध है पिचकारियां

पैठ बाजार के दुकानदार पवन गर्ग व कैलाश गर्ग ने कहा कि भारतीय परंपरा में त्योहारों का आज भी बहुत महत्व है। बच्चें रंग, गुलाल, रंग-बिरंगे गुब्बारे, स्नो स्प्रे, मुखौटे, रंगीन पटाखें, रंगों के राकेट व आकर्षक पिचकारियां खरीद रहे है। दुकानों पर 10 से 50 रुपये तक के हर्बल गुलाल के पैकेट उपलब्ध है। स्नो स्प्रे की कीमत 25 रूपए से 100 रुपये तक हैं। कलरफुल पटाखें 70 रुपए में 5 पीस के हिसाब से मिल रहे है। रंग 20 से 100 रुपये का दस ग्राम मिल रहा है। बेलून का 50 पीस का पैकेट 50 रुपए में उपलब्ध है। इसके अलावा 30 रुपये से 100 रुपये तक मुखौटे बिक रहे है। बाजार में 20 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक की पिचकारी मिल रही है। अलग-अलग रंगों के गुलाल से भी सिलेंडर की छोटी पिचकारी 150 रुपये व सिलेंडर की बड़ी पिचकारी 1000 रुपए तक मिल रही है।

### होलिका दहन की भस्म लाकर घर में रखनी चाहिए



अजय शास्त्री।

फाल्गुन महीने में होली से 8 दिन पहले लगने वाला होलाष्टक इस बार 7 मार्च शुरू होगा, लेकिन अष्टमी तिथि 6 मार्च को प्रातः 10:50 से ही शुरू हो रही हैं। ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री के अनुसार फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी से होलाष्टक आरम्भ होगा,जोकि होलिका दहन पूर्णिमा तक रहेगा। इस दौरान प्रकृति के वातावरण में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है। इस दौरान विवाह, मुण्डन संस्कार, ग्रह प्रवेश व जनेऊ आदि कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहेंगे लेकिन इस दौरान पूजा पाठ, जप तप, हवन और विशेष रूप से विष्णु भगवान की आराधना करना श्रेष्ठकर होती है। सनातन धर्म में होलिका दहन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। होली एक सांस्कृतिक, धार्मिक और पारंपरिक त्यौहार है। रात्रि व्यापिनी पूर्णिमा को भद्रा उपरांत होलिका दहन करने का विधान शुभ माना गया है। फाल्गुन शुक्लपक्ष पूर्णिमा को होलिका दहन किया जाता है। इस साल फाल्गुन पूर्णिमा 13 मार्च प्रातः 10:36 से अगले दिन 14 मार्च को प्रातः 12:23 तक रहेगी। ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री ने बताया कि होलिका दहन का शुभ मुहूर्त भद्रा उपरांत रात्रि 11:28 से 12 बजे तक शास्त्र सम्मत रहेगा। होली पूजन में अपना नाम व गोत्र लेकर होलिका पूजन करना चाहिए। इसके बाद प्रज्जवलित होलिका के तीन परिक्रमा करना चाहिए और सभी को होलिका दहन की भस्म लाकर घर में रखनी चाहिए।

## इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान से चोरी का एक और आरोपी गिरफ्तार



चोरी का आरोपी मुबीन।

**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी चौकी पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान से नकदी, इंवर्टर, बैट्री व अन्य सामान चोरी करने के मामले में संलिप्त एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला नूंह के वार्ड नंबर 12 निवासी मुबीन के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। राजस्थान के जिला खैरथल तिजारा के गांव आकोली निवासी जसवंत ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसने गांव गढ़ी बोलनी बस स्टैंड पर इंवर्टर व बैट्री व अन्य इलैक्ट्रोनिक्स के समान की एक दुकान कर रखी है। गत वर्ष 22-23 मई की रात्रि में कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान का स्टर व शीशा तोड़ कर दुकान से नकदी, इंवर्टर व बैट्री सहित अन्य इलैक्ट्रोनिक्स को चोरी करके ले गए है। पुलिस ने थाना कसोला में चोरी का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त दो आरोपी फरीद उर्फ दिन्नू व मुनफेद को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी मुबीन को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। विजेता छात्राएं शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### विजेता छात्राओं की टीम को किया सम्मानित

**रेवाड़ी।** सेक्टर-18 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय की टीम ने भगत फूलसिंह विश्वविद्यालय के कृष्णनगर स्थित रीजनल सेंटर में आयोजित वाणिज्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। विजेता टीम में बीकॉम तृतीय वर्ष की प्रियंका, बीकॉम तृतीय वर्ष की खुशी और बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशबू शामिल थी। कॉलेज की प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने विजेता छात्राओं तथा टीम इंचार्ज डा. सुनीता को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है। छात्रों की टीम को सम्मानित किया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, डा. हरीश शर्मा, जोगिंदर सिंह, दीपक गुलयानी, तिलकराज, ममता, ज्योति यादव, सृष्टि, कंचन, शर्मिला व ज्योति देवी मौजूद थी।

## प्रश्नोत्तरी में खुशी, प्रियंका व खुशबू बनी विजेता

- प्रो. बलबीर सिंह ने प्रतिभागी टीमों का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़

भगत फूलसिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में वीरवार को वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डा. अंजलि यादव के नेतृत्व में अर्थवेदा सोसायटी की ओर से इंटर-कॉलेज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रा अंजलि व वंदना ने मंच संचालन किया। प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय रेवाड़ी, एसके राजकीय महाविद्यालय कंवाली, राजकीय महाविद्यालय नाहड़, राजकीय महाविद्यालय कोसली और रीजनल सेंटर के कॉमर्स विभाग की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय रेवाड़ी की टीम से खुशी, प्रियंका व खुशबू ने प्रथम, रीजनल सेंटर से कोमल, अनीशा व जागृति ने द्वितीय तथा राजकीय महाविद्यालय नाहड़ से रितू व महक की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने सभी प्रतिभागी टीमों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों सक छात्राओं के आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य हासिल करने में महत्वपूर्ण गुणात्मक सुधार करता हैं। डा. अनिल कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।



रेवाड़ी। प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं शिक्षकों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस मौके पर डा. प्रवेश भारद्वाज, डा. प्रदीप शर्मा, अजयपाल, ज्योति यादव, सनीता यादव, मधुबाला, निर्मला, सुशीला, डा. अनीता देवी व अंजू शर्मा उपस्थित रही।

## साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने पीजी मालिक की ओर से पीजी में रहने वाली लड़कियों के बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगों को उपलब्ध कराने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला डिंग के गांव लड्डुका बास निवासी अनीश खान के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में पीजी मालिक सहित 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। 24 दिसम्बर 2021 को राजेश पायलट चौक स्थित एक पीजी मे रहने वाली एक युवती ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह बावल स्थित एक कंपनी में काम करती है। पीजी के मालिक हितेश सोनी ने उसका व पीजी में रहने वाली अन्य लड़कियों का खाता एचडीएफसी बैंक में खुलवा दिया, लेकिन नए बैंक खातों की किट उन्हें नहीं दी। किट मांगने पर पीजी मालिक ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह जल्द ही उनके खातों का किट दे देगा। इसके बाद युवती मेल पर उसके नए बैंक अकाउंट में से 12 लाख रुपये क्रेडिट व डेबिट होने का मैसेज आया, जिस पर उसे शक हुआ की उसका नया खाता साइबर धोखाधड़ी में इस्तेमाल किया जा रहा हैं।

पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त 6 आरोपी हितेश सोनी, रोहित उर्फ मोनू, ईनाम उर्फ इक्का, यूसुफ खान, हारुन व प्रवीण यादव को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी अनीश खान को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। साइबर ठगी का आरोपी अनीश खान।

## पोर्टल पर दर्ज नहीं हो रहा फसलों का ब्योरा

**किसानों ने रोष प्रकट किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंड

ओलावृष्टि के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी किसान ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसलों का ब्योरा दर्ज नहीं करा पा रहे है। तकनीकी कारणों के कारण पोर्टल पर ग्रामीणों की फसलों का ब्योरा दर्ज नहीं हो पा रहा है। खोल खंड के गांव कोलाना, बासदुदा व नांगल जमालपुर के किसानों को पोर्टल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। खोल खंड के गांवों में 28 फरवरी को तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि से क्षेत्र के अनेक गांवों में सरसों, गेहूं, जौ व चना समेत सब्जियों की फसलों को भारी नुकसान हुआ था। क्षेत्र के गांव अहरोद, ढ़ाणी शोभा, बासदूदा, कोलाणा, नांगल जमालपुर, ढाणी राधा व खोल आदि गांवों में ओलावृष्टि से फसल खराब हो गई थी। बासदुदा के किसानों ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के रिटायर्ड डायरेक्टर एचडी यादव के नेतृत्व में वीरवार को पोर्टल को लेकर रोष प्रकट किया। इस मौके पर किसान राजेंद्र, सुनील कुमार, हंसराज, अनिल कुमार, धर्मबीर, बाबूलाल, रविदत्त व वेदप्रकाश सहित अनेक किसान मौजूद थे।



रेवाड़ी। खराब फसल के पास रोष जताते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

## यात्रियों के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- इस ट्रेन में 2 सैकेंड एसी, 4 थर्ड एसी, 6 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 18 डिब्बें होंगे

रेलवे प्रशासन की ओर से होली के पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए जोधपुर-गोरखपुर-जोधपुर व बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस-बीकानेर स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 04829 जोधपुर-गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 6 मार्च से 27 मार्च तक जोधपुर से प्रत्येक वीरवार को शाम 4:15 बजे रवाना होकर शुक्रवार को रात 8:50 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04830 गोरखपुर-जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 7 मार्च से 28 मार्च तक गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार रात 11:25 बजे रवाना होकर रविवार सुबह 3 बजे जोधपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में 2 सैकेंड एसी, 4 थर्ड एसी, 6 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 18 डिब्बें होंगे। यह ट्रेन जोधपुर से रवाना होकर मेडता रोड, डेगाना, छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ, रतनगढ स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### संस्कृत साहित्य में त्रिमुनि के योगदान की दी जानकारी

**बावल।** राजकीय महाविद्यालय बावल में वीरवार को संस्कृत विभाग की ओर से प्राचार्या डा. नमिता की अध्यक्षता में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। आरडीएस गर्ल्स कॉलेज से डा. पिंकी शर्मा व्याख्यान ने मुख्य वक्ता के रूप में अपना व्याख्यान दिया। विद्यार्थियों को संस्कृत साहित्य में त्रिमुनि के योगदान की जानकारी दी, जिससे विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

प्राचार्या डा. नमिता ने विद्यार्थियों को रामायण व महाभारत कालीन नैतिक सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डा. इंद्रजीत व सुरेन्द्र सहित समस्त कॉलेज स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### राज इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस

**रेवाड़ी।** राज इंटरनेशनल स्कूल में वीरवार को स्थापना दिवस मनाया गया। विद्यालय के 14 साल पूरे होने पर स्कूल में हवन करके मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत केक काटकर की गई। कक्षा दसवीं की छात्रा मानवी ने मधुर स्वर में गीत सुनाया। इस अवसर पर स्कूल निदेशक नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी व हेमंत सैनी सहित प्रधानाचार्य कुलदीप जांगिड व अन्य शिक्षक भी मौजूद थे। विद्यालय की उप-प्रधानाचार्य निधि सैनी ने स्कूल के अपने चौदह साल के सफर के अनुभव साझा किए। शिक्षक विवेक भारद्वाज ने स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कक्षा छठी की छात्रा परिधि के नृत्य पेश किया। इस मौके पर स्कूल के सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। स्कूल निदेशक नवीन सैनी जी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सपने को पूर्ण करने में विद्यालय का हर एक सदस्य अपना पूरा योगदान दे रहा है।



रेवाड़ी। स्कूल में स्थापना दिवस पर हवन करते स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

**समारोह** राजकीय माध्यमिक पाठशाला भटसाना में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

# एनएमएमएस और बुनियाद परीक्षा में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**तीन बच्चों ने एनएमएमएस व बुनियाद लेवल-2 में सात बच्चों ने सफलता प्राप्त की**

**खास बातें**

- मिडिल स्कूल वर्ग में जिला स्तर पर प्रथम स्थान है
- प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने विद्यालय में पौधरोपण करके उनकी देखरेख करने का संकल्प भी लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

राजकीय माध्यमिक पाठशाला भटसाना में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पार्षद निरंजन लाल, सरपंच भूप सिंह व अन्य गणमान्य लोगों ने एनएमएमएस व बुनियाद परीक्षा व राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका सुमनलता ने बताया स्कूल से तीन बच्चों ने एनएमएमएस की परीक्षा व बुनियाद लेवल-2 में सात बच्चों ने सफलता प्राप्त की है,जोकि मिडिल स्कूल वर्ग में जिला स्तर पर प्रथम स्थान है। खेलों में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से स्कूल को गौरान्वित किया है। इस अवसर पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने विद्यालय में पौधरोपण करके उनकी देखरेख करने का संकल्प भी लिया। जिला पार्षद निरंजन लाल, सरपंच भूपसिंह, पूर्व सरपंच जगमाल, रामफल नंबरदार, ओमप्रकाश लीडर, रतीराम, संजीव पंच व सुल्तान पंच ने प्रतिभावान छात्रों को नकद पुरस्कार को देखकर प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर विनोद कुमार, आशीष कुमार, लखपत शर्मा, नरेश कुमार, लीला देवी, पवन कुमार यादव, श्याम सिंह, प्रवीण कुमार व रुक्मिणी देवी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि व शिक्षक। फोटो: हरिभूमि